'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 137 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए शुक्रवार, 02 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

पिशौरी पगड़ी पहन प्रसन्नचित हो गए कृष्णपाल गुर्जर





## अनुसूचित जाति के छोटे उद्यमियों को प्रमुख उद्योगों के साथ जोड़ने के लिए व्यापक योजना बनाने की तैयारी में हरियाणा सरकार

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

**सरकार का ध्येय अधिक से अधिक युवा बनें उद्यमी, नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनें युवा**

**विदेश सहयोग विभाग डिक्की के साथ मिलकर युवा उद्यमियों के उत्पादों को विदेशों में बाजार तक पहुंच बनाने के लिए करें रोडमैप तैयार : मुख्यमंत्री**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार अनुसूचित जाति के छोटे उद्यमियों को प्रमुख उद्योगों के साथ जोड़ने के लिए व्यापक योजना बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है ताकि सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसएमई) के विकास को बढ़ावा मिल सके। इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने आवास संत कबीर कुटीर पर दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और विभिन्न पहलों पर विचार-विमर्श किया।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार पहले से एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं चला रही है। अब अनुसूचित जाति के छोटे उद्यमियों की सहायता के लिए भी नई योजनाएं बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं, ताकि छोटे उद्यमियों को बड़े बाजार उपलब्ध हो सके जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के साथ मिलकर नई योजनाएं बनाने पर विचार किया जाएगा, ताकि प्रदेश में अनुसूचित जाति के छोटे उद्यमियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी डिक्की द्वारा चलाई जा रही पहलों और अन्य राज्यों द्वारा अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिसिस का अध्ययन करने के निर्देश दिए।

**विदेश सहयोग विभाग डिक्की के साथ युवा उद्यमियों के उत्पादों को विदेशों में बाजार तक पहुंच बनाने के लिए करें रोडमैप तैयार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार युवा उद्यमियों को विदेशों में माल निर्यात करने की दिशा में भी सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग और विदेश सहयोग विभाग के अधिकारियों को दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ मिलकर इस दिशा में रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विदेश सहयोग विभाग द्वारा पहले से युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर मुहैया करवाने और औद्योगिक इकाइयों को विदेशों में उत्पाद निर्यात करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

**सरकार का ध्येय अधिक से अधिक युवा बनें उद्यमी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का ध्येय यही है कि अधिक से अधिक युवा उद्यमी बनें ताकि वे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बन सकें। इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा कौशल प्रशिक्षण की विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। साथ ही, स्टैंडअप इंडिया और मुद्रा योजना जैसी फ्लैगशिप योजनाओं के माध्यम से युवाओं को नये उद्यम शुरू करने के लिए आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने भी प्रदेश में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय स्थापित किया है, जिसमें युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें रोजगार योग्य बनाया जा रहा है।

बैठक में दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के फाउंडर चेयरमैन पद्मश्री डॉ मिलिंद कांबले ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि डिक्की एक भारतीय संघ है जो दलित व्यावसायिक उद्यमों को बढ़ावा देता है। डिक्की बाबा साहेब के आर्थिक विचारों की संकल्पना का हिस्सा है। डिक्की केंद्र व राज्य सरकारों के साथ मिलकर एससी-एसटी उद्यमियों को आगे बढ़ने में मदद करता है।

बैठक में सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती जी अनुपमा, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अरूण कुमार गुप्ता, उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव श्री डी सुरेश, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव श्रीमती आशिमा बराड़, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक श्री यश पाल, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार श्री भारत भूषण भारती और विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार श्री पवन चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दुनिया में भारत का नाम हरियाणा के खिलाड़ियों ने किया रोशन : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**पेरिस ओलम्पिक में मेडल जीतकर दुनिया में लहराया परचम : मुख्यमंत्री**

**मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को दी बधाई व शुभकामनाएं**

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा में तीसरी बार बड़े बहुमत के साथ भाजपा बनाएगी सरकार- नायब सिंह सैनी**



समाचार गेट ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के लिए गर्व की बात है कि आज दुनिया में भारत का नाम हरियाणा के खिलाड़ियों ने रोशन किया है। वर्तमान राज्य सरकार की खेल नीति के परिणामस्वरूप पेरिस ओलम्पिक में हरियाणा के दो खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर दुनिया में परचम लहराने का काम किया है जिसके लिए उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को बधाई व शुभाकामनाएं दी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज चण्डीगढ़ से दिल्ली के ट्रेन के सफर के पश्चात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे जाबांज खिलाड़ियों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करके हरियाणा का नाम ऊंचा किया है। इस अवसर पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहन लाल बड़ौली भी उपस्थित रहें।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खेलों इंडिया जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसके अब सुखद परिणाम मिल रहे है। हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन करके देश-प्रदेश का नाम ऊंचा कर रहे है। उन्होंने कहा कि इन युवा खिलाड़ियों को तैयार करने में सरकार भी बहुत मेहनत कर रही है और एक प्लेटफार्म देने का काम कर रही है।

आने वाले विधानसभा चुनाव के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बड़े बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों में चलन है कि केन्द्र में जिस पार्टी की सरकार होती है वे उसी पार्टी को मत देने का काम करते है। इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हरियाणा में भाजपा एक स्थाई और विकासशील सरकार बनाने जा रही है जो लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि हम तीसरी बार सरकार बनाकर हरियाणा में विकास की गति को आगे बढ़ाने का काम करेंगें। इसलिए हम रचनात्मक बैठकें कर रहे है और लोगों से लगातार मिल रहे है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने किया राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ

**प्रदेश भर से ढाई हजार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं तीन दिवसीय प्रतियोगिता में**

**एथलेटिक्स, तीरदांजी व कबड्डी के करवाए जाएंगे मुकाबले**



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** हरियाणा खेल महाकुंभ के दूसरे चरण में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने प्रदेश स्तरीय एथलेटिक्स, तीरदांजी व कबड्डी प्रतियोगिता का आज ताऊ देवीलाल स्टेडियम परिसर में शुभारंभ किया। तीन अगस्त तक जारी रहने वाले इन खेलों में प्रदेश के सभी 22 जिलों से करीब ढाई हजार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। ताऊ देवीलाल स्टेडियम परिसर में खेल महाकुंभ द्वितीय चरण की शुरूआत करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि देश में अन्य राज्यों के मुकाबले आज भी हरियाणा की खेल नीति सर्वश्रेष्ठ है। प्रदेश शूटिंग एसोसिएशन का अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने यह अनुभव किया है कि हरियाणा सरकार की खेल नीति सर्वश्रेष्ठ है। दूसरे राज्यों के खिलाड़ी भी इस मामले में हरियाणा की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ी 40 प्रतिशत पदक पदक लेकर आते हैं। ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड आदि खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों का परचम रहा है। जिसका ताजा उदाहरण मनु भाकर व सरबजोत सिंह हैं, ये दोनों पदक विजेता हमारे प्रदेश के हैं।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने डीसी निशांत कुमार यादव के साथ ध्वज फहराकर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह चैंपियनशिप तीन अगस्त तक जारी रहेगी। इसमें तीरदांजी व एथलेटिक्स के मुकाबले देवीलाल स्टेडियम में और कबड्डी की प्रतियोगिता भोंडसी स्थित आरबीएसएम स्कूल में करवाई जाएगी। सभी जिलों के खिलाड़ियों ने स्टेडियम ट्रैक पर मार्चपास्ट किया।

मुख्य अतिथि ने आठ सौ मीटर की दौड़ की शुरूआत करवाई। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के अर्जुन अवार्डी व भीम अवार्डी खिलाडियों को सम्मानित किया। जिनमें राजकुमार सांगवान, शिवानी कटारिया, आरती कोहली, गिरिराज सिंह, राममेहर, सिकंदर लांबा, अनूप, गीता जुल्शी व सुनील डबास शामिल थीं। डीसी निशांत कुमार यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत करने के बाद कहा कि प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ी आपसी सौहार्द की भावना को कायम रखते हुए अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने का प्रयास करें।

उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन की ओर से यहां आए खिलाड़ियों को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। एसडीएम सोनू भट्ट ने अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खेल विभाग के उपनिदेशक गिरिराज सिंह, राघवेंद्र सिंह, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मनीराम, खेल विभाग से अनेक प्रशिक्षण व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## इफ्को चौक मेट्रो स्टेशन के पास करंट से 03 की मृत्यु

**तीनों व्यक्ति (मृतक) मानेसर की एक कंपनी के कर्मचारी बताए गए**

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** बुधवार 31 जुलाई को थाना सैक्टर-29, गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक सूचना रात लगभग 9:45 बजे इफ्को चौक मेट्रो स्टेशन, गुरुग्राम के नजदीक 03 व्यक्तियों को करंट लगने के संबंध में प्राप्त हुई। सूचना पाकर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची जहां पर ज्ञात हुआ कि बारिश के कारण जल भराव हो रहा था तथा एक पेड़ टूट कर गिर गया। जिसके साथ बिजली की तार भी नीचे आ गई तथा पानी में करंट आने से 02 व्यक्ति करंट की चपेट में आ गए और करंट लगने के कारण तीनों व्यक्तियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 1. वसीब जमा (उम्र 55 वर्ष) पुत्र बहिदू जमा निवासी गांव इशोली सुल्तानपुर जिला सुल्तानपुर (उत्तर-प्रदेश) वर्तमान निवासी संगम विहार दिल्ली, 2. जयपाल यादव (उम्र 34 वर्ष) पुत्र कैलाश यादव निवासी ढाणी जादवा थाना नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ व 3. देवेश वाजपेई (उम्र 34 वर्ष) पुत्र अवधेश कुमार निवासी गांव आबागोझा जिला उन्नाव (उत्तर-प्रदेश) के रूप में हुई। उपरोक्त तीनों व्यक्ति (मृतक) मानेसर कंपनी में काम करते हैं तथा बीती रात मैट्रो स्टेशन जा रहे थे इसी दौरान की चपेट में आ गए।



## सरपंच सुंदर लाल ने सीएम नायाब सिंह सैनी का जताया आभार

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री आवास) चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का 11 जुलाई को गुरुग्राम में अपने वाटिका कार्यालय पर अभिनंदन समारोह और दोपहर भोज के कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच सुन्दर लाल यादव ने आभार व्यक्त किया। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने एक बार फिर से उस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को प्यार और भाईचारा अच्छा लगा। हमें ऐसे ही लोगों को जोड़कर रखना चाहिए। उन्हें सरकार की योजनाओं को लाभ दिलाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और हरियाणा में सरकार अन्तोदय की राह पर चलते हुए देश व प्रदेश के विकास के लिए काम कर रही है।



सरपंच सुंदरलाल यादव ने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया कि सरकार की नीतियों और योजनाओ को लाभार्थियों को लाभ दिलाने के लिए पार्टी के सच्चे सिपाही बनकर काम किया है और करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का भारतीय जनता पार्टी में विश्वास है। जिस तरह से तीसरी बार केंद्र में बीजेपी सरकार बनी है ऐसे है हरियाणा में भी तीसरी बार बीजेपी सरकार बनेगी। सुंदर लाल यादव ने कहा कि वे पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारी के साथ अपने स्तर पर भी मानेसर क्षेत्र के लोगों के बीच रहकर पार्टी को मजबूती देने का काम करते हैं। सरकार के देशहित व समाज हित में हर काम को स्थानीय लोगों के साथ मिलकर करते है, ताकि अधिक से अधिक लोगो को पार्टी से जोड़ा जा सके।

## जल शक्ति अभियान के कार्यान्वयन में हरियाणा ने हासिल किया देशभर में दूसरा स्थान : मुख्य सचिव



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान-2023 के कार्यान्वयन में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। मुख्य सचिव आज यहां सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल शक्ति अभियान: कैच द रेन-2024 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि जल शक्ति अभियान: कैच द रेन पहल के तहत राज्य में ग्राउंड वाटर रिचार्ज को बढ़ावा देने के लिए 65,000 से अधिक वर्षा जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त, 18,104 जलाशयों की जियोटैगिंग की गई है। इनमें से 852 जलाशयों का नवीनीकरण किया गया और 1,152 जलाशयों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 40,000 से अधिक पुनः उपयोग और पुनर्भरण संरचनाओं, 10,000 वाटरशेड विकास संरचनाओं का निर्माण और 3.5 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं।

मुख्य सचिव ने बताया कि किसानों और आमजन को जल संरक्षण के बारे में जागरूक करने के लिए लगभग 70,000 प्रशिक्षण कार्यक्रम और किसान मेले आयोजित किए गए हैं। इसके अलावा, सभी जिलों में जल शक्ति केंद्र स्थापित किए गए और सतत जल प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए जिला-विशिष्ट जल संरक्षण योजनाएं भी विकसित की गई हैं।

जल शक्ति अभियान: कैच द रेन के परिणाम अत्यंत प्रभावशाली रहे हैं। इस अभियान के चलते जल स्तर में वर्ष 2023 में 12 जिलों में लगभग 1.3 मीटर, वर्ष 2022 में 19 जिलों में 0.58 मीटर और वर्ष 2021 में 7 जिलों में 0.57 मीटर की बढ़ोतरी हुई है।

मुख्य सचिव ने विशेष रूप से चिन्हित 10 जिले जींद, फतेहाबाद, सिरसा, कुरुक्षेत्र, पानीपत, महेन्द्रगढ़, रेवाडी, कैथल, गुरुग्राम और फरीदाबाद में स्प्रिंग शेड एरिया में वैज्ञानिक वनीकरण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सरकारी भवनों और वन भूमि पर वर्षा जल संचयन प्रणाली की स्थापना और जहां भी तकनीकी रूप से संभव हो, जल स्रोतों में सुधार करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग छात्रों के बीच जल-दूत अभियान को बढ़ावा देने, ग्रामीण विकास विभाग जल संरक्षण प्रयासों में स्वयं सहायता समूहों को शामिल कर उनकी क्षमता बढ़ाएगा। इसके साथ ही ग्राम स्तर पर जल बजट को प्रोत्साहित करने के अलावा पंचायतों, जल उपयोगकर्ता संघों और स्वयं सहायता समूहों के बीच समन्वय स्थापित करेगा।

**जल शक्ति अभियान: कैच द रेन-2024 के प्रभावी निष्पादन के लिए नोडल आफिसर किए जाएं नियुक्त**

टीवीएसएन प्रसाद ने जल शक्ति अभियान: कैच द रेन-2024 की सफलता सुनिश्चित करने और कार्यान्वयन बढ़ाने के उद्देश्य से जिलों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाने के लिए सभी विभागों और अधिकारियों से एकजुट प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जल शक्ति अभियान: कैच द रेन-2024 के प्रभावी निष्पादन के लिए सिंचाई और जल संसाधन विभाग के साथ सहयोग और समन्वय स्थापित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल आफिसर नियुक्त किया जाए। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जेएसए पोर्टल पर किए गए कार्य को समय पर अपडेट किया जाए।

उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग अमृत मित्र के माध्यम से शहरी जल प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं और युवाओं को शामिल करके आईईसी व जागरूकता अभियान आयोजित करेगा। उन्होंने कृषि और किसान कल्याण विभाग को कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से कृषि मेले आयोजित करने और बाजरा जैसी कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने तथा किसान उत्पादक संगठनों को जल-बचत पर प्रशिक्षण दिलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस वर्ष की थीम, नारी शक्ति से जल शक्ति पर फोकस करते हुए, संबंधित विभागों और उपायुक्तों को नारी शक्ति से जल शक्ति विषय अनुसार व्यापक जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान के उद्देश्यों के साथ लक्ष्य प्राप्त करने और हरियाणा के जल संसाधनों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं।

हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की अध्यक्षा श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा ने वित्तीय वर्ष 2025-28 के तहत सितंबर 2024 तक जिला जल संसाधन योजना (डीडब्ल्यूआरपी) तैयार करने का आग्रह किया। इसके अलावा, उन्होंने वित्त वर्ष 2023-25 के लिए एकीकृत जल संसाधन कार्य योजना (आईडब्ल्यूआरएपी) के क्रियान्वयन के संबंध में जिलों द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति बारे भी अवगत करवाया।

## स्कूल में मनाया बैगलेस डे



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विभिन्न शैक्षणिक संस्थान नए-नए प्रयोग कर रहे हैं, जिनमें से एक है बैगलेस डे का आयोजन। इसी श्रृंखला में फरीदाबाद सैक्टर 21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में भी 2022 से सफलता पूर्वक बैगलेस डे का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन छात्र स्कूल में बैग न लाकर अपनी रूचि के अनुसार सामान लाते हैं। इस दिवस के माध्यम से बच्चों में एक नए उत्साह का संचार किया जाता है एवं उन्हें व्यवहारिक शिक्षण गतिविधियों से अवगत कराया जाता है, इसके साथ- साथ बच्चों को आवश्यक एवं कौशल शिक्षा भी दी जाती है। बैगलेस डे के दौरान छात्रों के लिए विभिन्न रचनात्मक और नवीन गतिविधियों को शामिल किया जाता है। इससे उनकी सृजनात्मकता और कल्पनाशक्ति को बढ़ावा मिलता है। इस दिन विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएँ और शारीरिक गतिविधियाँ भी आयोजित की जाती हैं। इससे बच्चों में टीम भावना और शारीरिक फिटनेस का विकास होता है। बच्चों को शिक्षाप्रद मूवी या डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाती है, जिससे वे मनोरंजन के साथ-साथ कुछ नया सीखते हैं।

## इनर व्हील क्लब ने सेक्टर 21 में बनाई अमृत वाटिका



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन ने आज सेक्टर 21डी एसजीएम नगर स्थित अर्बन हेल्थ सेंटर में एक अमृत वाटिका का उद्घाटन किया। इस वाटिका में फलदार वृक्ष, घास, हेज, फैंस इत्यादि इनर व्हील क्लब की ओर से ही लगवाया गया है। साथ ही मरीज के साथ आने वाले परिवार जनों के लिए चार बेंच भी लगवाएं गए हैं। क्लब ने जच्चा बच्चा वार्ड में दाल और दलिया के पैकेट भी वितरित किए जिससे की गर्भवती महिलाओं को पोषण मिल सके। अर्बन हेल्थ सेंटर की एसएमओ ऋचा बत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इनर व्हील क्लब के प्रयास से इस अमृत वाटिका से, आने वाले मरीजों के परिजनों को बहुत लाभ होगा। इस वाटिका का उद्घाटन इनर व्हील क्लब एसोसिएशन की नेशनल एडिटर अनीता जैन ने किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह क्लब सामाजिक कार्य कर रहा है वह बहुत ही प्रभावित हुई है और उन्होंने सभी सदस्याओं को बधाई दी। क्लब प्रेसिडेंट पूजा जैन ने सभी उपस्थित अतिथियों और सदस्यों का धन्यवाद किया। इस मौके पर क्लब से एकता रमन, संजना गर्ग, संदीपिका वशिष्ठ, मंजू बंसल, अन्जू महाना, रेखा गुप्ता और कंचन बंसल भी उपस्थित रहे। इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन समय-समय पर शहर में जहां कहीं भी किसी सामाजिक बदलाव की आवश्यकता होती है वहां अपना योगदान देने को तत्पर है।

## आज के छात्र, कल का भविष्य : बबली



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। सेक्टर-41 फरीदाबाद स्थित श्री चैतन्य टेक्नो विद्यालय ब्रांच में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली ने शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनैना तोमर ने आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के देकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। वहीं विद्यालय के छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई कि वे सब अपने निधारित कर्तव्यों को पूर्ण रूप से सत्यनिष्ठा के साथ निभाऐंगे। विद्यार्थियों को चार सदनों में बांटा गया है। समुराईस, स्पार्टन्स, वाइकिंग्स व नाइट्स। इन्हीं सदनों में से चयनित विद्यार्थी छात्र परिषद के सदस्य तथा कैप्टन बनें। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा कि आज के छात्र कल देश का भविष्य बनेगें। आप छात्रों में से ही कोई डाक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर, खिलाड़ी, आईपीएस, आईएएस व बड़े-बड़े पदों को अपनी सेवाएँ देकर देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करेगें। बबली के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनैना तोमर, विद्यालय के क्षेत्र प्रभारी अंशुल सक्सेना, सहयोगी शंशाक सक्सेना, डीन सोनिया मैडम, प्राइमरी इंचार्ज सीमा मैडम व प्री.प्राईमरी इंचार्ज अर्चना मैडम जो इन सभी ने मिलकर छात्र-छात्राओं को सैरो व ध्वज प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय के उच्चाधिकारियों ने सभी छात्र- छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि संघर्ष का रास्ता कठिन है, लेकिन इसी राह पर चलते हुए हम अपने व्यक्तित्व को निखारते हैं।

## कावड़ यात्रियों को बांटे 21 तुलसी के पौधे



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। पूर्व पार्षद जिला परिषद् और भाजपा नेता ठाकुर शैलेंदर सिंह गुरुवार की सुबह तुलसी के पौधे कावड़ियों को बाँटने के लिए मंदिर में पहुंचे। नेशनल हाईवे ट्रैफिक पुलिस थाना के पास प्राचीन हनुमान मंदिर में सावन शिवरात्रि को लेकर कांवड़ यात्री काफी संख्या में ठहरे हुए है सभी कांवड़ियें भगवान शिव का जलाभिषेक 2 अगस्त को करेंगे। ठाकुर शैलेंदर सिंह ने अपनी टीम के साथ 21 तुलसी के पौधे कावड़ यात्रियों को बांटा। उन्होंने कावड़ियों के साथ बम बम भोले के कई बार उद्घोष भी लगाया। उन्होंने बताया कि वह अपनी टीम के साथ कल भी 101 तुलसी के पौधे मंदिरों जाकर कावड़ियों को बाँटेंगे।

# 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को पूरा करना सुनिश्चित करे अधिकारी : उपायुक्त




समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि 78वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के लिए जिस भी विभाग को जो दायित्व दिया जाए उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त विक्रम सिंह आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह तैयारियां पूरी करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देशन दे रहे थे। उन्होंने कहा जिला फरीदाबाद में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी निष्ठा के साथ समय बध पूरा करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की फाइनल फूलड्रैस रिहर्सल 13 अगस्त 2024 को आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज करवानी है। जो भी अधिकारी या कर्मचारी स्वतंत्रता दिवस समारोह में अनुपस्थित रहेगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए पार्किंग, वेलकम गेट, परेड की सलामी, मार्च पास्ट के लिए पुलिस विभाग और इसके लिए रिहर्सल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जिला शिक्षा विभाग व डीआईपीआरओ डिपार्टमेंट को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में डीसीपी जसलीन कौर, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम अंकित कुमार, आरटीओ सचिव मुनीश सहगल, जिला शिक्षा अधिकारी अजित सिंह, डीडब्ल्यूओ ममता शर्मा सहित संबंधित सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।

# भाजपा शासनकाल में नारकीय जीवन जीने को मजबूर फरीदाबाद के लोग : कौशिक

### क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर कांग्रेसी नेता ने सौंपा संयुक्त आयुक्त को ज्ञापन



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। फरीदाबाद के सेक्टरों व कालोनियों में टूटी हुई सडकें, ओवरफ्लो सीवरेज और गंदगी से अटे हुए नाले-नालियों की समस्याओं को लेकर आज वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक के नेतृत्व में लोगों ने नगर निगम ओल्ड फरीदाबाद के संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बलजीत कौशिक ने बताया कि स्मार्ट सिटी फरीदाबाद आज बदहाली के दौर से गुजर रहा है, पिछले दस सालों में इस जिले में विकास के लिए करोड़ों-अरबों रुपया आया है, लेकिन सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, एक भी रुपया विकास पर नहीं लगा। आज सेक्टर हो या फिर कालोनी सभी में रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे है। सडकें टूटी पड़ी है, सीवरेज ओवरफ्लो होकर बह रहे है, नाले-नालियों गंदगी से अटे है और जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की बसेलवा कालोनी, खत्रीवाड़ा, भूड़ कालोनी, राजीव नगर, ठाकुरवाड़ा, शास्त्री कालोनी, भारत कालोनी, हनुमान नगर, इंद्रा काम्पलैक्स वजीरपुर, सेक्टर-8,9, 10, 11, 12, 14, 15, 16, 17, 19 आदि सभी जगह बुनियादी सुविधाओं का खासा टोटा है। बीती रात हुई बरसात के चलते इन जगहों पर कई-कई फुट पानी जमा हो गया, जिसकी वजह से कई वाहन चालक व पैदल चलने वाले लोग खुले हुए सीवरेज मेन हॉल या गड्ढों आदि में गिरकर जख्मी हो गए। लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। श्री कौशिक ने संयुक्त आयुक्त से मांग की कि क्षेत्र में टूटी हुई सडकों को बेहतर बनवाया जाए तथा ओवरफ्लो सीवरेज की सफाई करवाई जाए तथा जहां-जहां गंदगी के ढेर लगे है, उन्हें उठवाया जाए। संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार ने श्री कौशिक व लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को दूर करवाने के लिए वह भरसक प्रयास करेंगे और उन्होंने फोन करके अधिकारियों को आदेश भी दिए। इस मौके पर नरेश शर्मा, सुरेश बैनीवाल, अजय शर्मा (प्रधान), अमित जैन, अरुण अग्रवाल, सतीश, किशनचंद कौशिक बालकिशन वशिष्ठ (चेयरमैन), अन्जू रावत, शैलेन्द्र, सुरेंद्र शर्मा, जवाहर ठाकुर, दीपक शर्मा, पुनीत पाराशर, ऊषा रानी, मिथिलेश शर्मा, गीता, सविता सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पिशौरी पगड़ी पहन प्रसन्नचित हो गए कृष्णपाल गुर्जर



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर फरीदाबाद बड़खल क्षेत्र के पंजाबी पहुंचे और उन्होंने पिशौरी पगड़ी पहनाकर मंत्री का अभिनंदन किया। पंजाबी समुदाय के बुजुर्ग 1947 में भारत विभाजन के बाद भी पिशौरी पगड़ी पहनते रहे। तुरादार यह पगड़ी विस्थापितों की अलग पहचान बनाती रही है। इस पगड़ी को पहनने के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर काफी प्रसन्नचित हुए। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम सुंदर कपूर के नेतृत्व में गए इस प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को बताया कि बड़खल से पंजाबी को टिकट देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में सरदार सुखविंद्र सिंह, मनमोहन भाटिया, डाक्टर कौशल बाटला, जीतेंद्र कुमार, मुलकराज कालरा, विनय कपूर, अजय कपूर, प्रमोद मोदी, अनिल भाटिया, भानूप्रताप खुराना, सुरेंद कुमार कपूर, रमन वोहरा, वीरेंद्र ओबराय उर्फ विक्की, आकाश कपूर, संजय मिगलानी, धनश्याम सिंह भी मौजूद थे।

# भारतीय चुनाव आयोग के अधिकारियों संग एडीसी की बैठक



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। अतिरिक्त उपयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा के मद्देनजर एक जुलाई 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत करवा सकते हैं। उन्होंने सभी एईआरओ एवं बीएलओ को हर एक योग्य व्यक्ति जोकि मतदाता सूची में शामिल हो सकता है, का वोटर कार्ड बनाने के निर्देश दिए। सभी बीएलओ घर-घर जाकर सुनिश्चित करें कि कोई भी योग्य व्यक्ति मतदाता सूची में पंजीकृत होने से न रह जाए। एडीसी सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में भारतीय चुनाव आयोग के अधिकारियों, एईआरओ और बीएलओ के साथ आगामी विधानसभा चुनावों को मद्देनजर जिला में चलें वाले विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार मतदाताओं के बारे में जानकारी एकत्रित करेंगे। त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह अपना फार्म भरकर संबंधित बीएलओ को दे सकते हैं ताकि उनका नाम भी मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। इस बार विधानसभा चुनाव के लिए जिला में बूथों की रेशनलाइजेशन करके उनकी संख्या बढ़ाई गयी जिससे अब जिला में 1650 बूथ हो गए है। जिससे मतदान के दौरान लगने वाले लम्बी कतारों से निजात मिलेगी। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग से अंडर सेक्रेटरी मनीष कुमार, जिला परिषद सीईओ सतबीर मान, एसडीएम सिखा अंतिल, एचएसवीपी एस्टेट ऑफिसर सिद्धार्थ दहिया, तहसीलदार नेहा सहारण सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा बीएलओ मौजूद रहे।

## सराय ख्वाजा विद्यालय सम्मानित



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा मॉडर्न स्कूल सैक्टर सत्रह फरीदाबाद में हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय नशा निषेध समारोह में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा के निर्देशन में और प्राध्यापिका मुक्ता के निर्देश में विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर बहुत ही सराहनीय बोनालू उत्सव के अंतर्गत बहुत ही मनोरम और आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस बारे में प्राचार्य रविन्द्र मनचंदा ने बताया कि सराय ख्वाजा फरीदाबाद विद्यालय में पांच हजार से भी अधिक विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थी समय समय पर शिक्षा विभाग, रेडक्रॉस, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद तथा अन्य आयोजित की जाने वाली शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में प्रतिभागिता कर पुरस्कृत होते रहे हैं। सराय ख्वाजा फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने मॉडर्न स्कूल के सभागार में उपस्थित जनसमूह के समक्ष एक भारत श्रेष्ठ भारत की प्रस्तुति के रूप में तेलंगाना का प्रसिद्ध नृत्य जिसे बोनालू उत्सव में किया जाता है, बहुत ही आकर्षक वेशभूषा और एप्स से दर्शाते हुए सभी का मन मोह लिया। सराय ख्वाजा के विद्यार्थियों, शिक्षको एवं विद्यालय की समस्त टीम ने इस नृत्य की राज्यपाल महोदय के कार्यक्रम की सूचना प्राप्त होते ही बहुत ही कम समय में इसे तैयार किया। प्राचार्य ने बताया कि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मंत्री मूल चंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, विधायक राजेश नागर तथा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की चेयरपर्सन सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने सराय ख्वाजा फरीदाबाद के विद्यालय को शील्ड, विद्यार्थियों को प्रशस्त पत्र एवं शील्ड और प्राध्यापिका मुक्ता तनेजा को भी प्रशस्त पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य मनचंदा ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और प्राध्यापिका मुक्ता तनेजा की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

## बालवीर दिव्यांग पाठशाला का उदघाटन



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन एवम बनुवाल वेलफेयर एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से समाज सेवी वीर अजीत पटवा के 81 वे जन्म दिवस पर बालवीर दिव्यांग पाठशाला शुरू की। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने चंडीगढ़ से रिमोट बात करते हुए और उनकी सुपुत्री दिशा की उपस्थिति से इस विशेष पाठशाला का उदघाटन किया। बनुवाल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश भाटिया ने बताया कि इस विशेष पाठशाला का उद्देश्य है कि मूक बधिर एवं मंद बुद्धि बच्चों को विशेष अध्यापकों द्वारा शिक्षा देना, जीने का ढंग सिखाना और आज पटवा अंकल के जन्म दिवस का इससे बड़ा तोहफा और कुछ नहीं हो सकता। महावीर इंटरनेशनल के परियोजना निदेशक उमेश अरोड़ा ने कहा कि शिक्षा मंत्री सीमा कहीं पर भी हो, उन्हें पटवा को दधीचि की उपाधि से संबोधित कर उन्हें बधाई देने से नहीं चूकती, उन्हें और हमे पता है कि श्री पटवा ने अपना जीवन सेवा को समर्पित किया हुआ है और कुछ न कुछ हमेशा नया करने की ही सोचते हैं। इस पाठशाला को चलाने में सबसे पहले सहयोग केवल प्रेम फाउंडेशन ने देने की घोषणा की। इस जन्म दिवस समारोह में शाहबाद मार्केट कमिटी के सचिव, ब्लाइंड क्रिकेट बोर्ड के महासचिव कृष्ण कुमार मलिक अंबाला विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अजीत पटवा को जाकि ब्लाइंड क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष हैं को जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पाठशाला के लिए 11000 रुपए देने की घोषणा की और साथ में राशन आदि में भी सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर एडवोकेट प्रमोद सचदेवा, संजय भाटिया, रेणु भाटिया, डॉक्टर पुनीता हसीजा, आशा भाटिया, गौ सेवक मंजू, प्रोमिल जैन, मिश्राजी, दिवाकर मलिक, शिखा अरोड़ा, सुशील भाटिया,कमल जैन,मुकेश जैन व अनिल जैन आदि उपस्थित रहे।

## साइबर घटना प्रतिक्रिया पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) कॉर्पोरेट कार्यालय सेक्टर - 33 फरीदाबाद द्वारा विद्युत क्षेत्र के लिए साइबर घटना प्रतिक्रिया पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि विद्युत मंत्रालय से मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) आर.पी. प्रधान मौजूद रहे तो वहीं एनपीटीआई की महानिदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर ने ऑनलाईन जुडकर हिस्सा लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ब्रिटिश उच्च आयोग भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में आपसी विकास और सहयोग के साथ मिलकर बढ़ना है। कार्यशाला में ऑनलाईन जुडी एनपीटीआई की महानिदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर ने बताया कि इस कार्यशाला में अर्नस्ट एंड यंग एलएलपी भारत और यूके के विभिन्न डोमेन विशेषज्ञों को आईटी - ओटी सुरक्षा के बारे में विभिन्न पहलुओं पर अपनी राय साझा करने के लिए एकीकृत कर रहे हैं। कार्यशाला के जरिए एनपीटीआई और ब्रिटिश उच्च आयोग साइबर सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग से काम करेंगे। कार्यशाला में मुख्य अतिथि विद्युत मंत्रालय से मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) आर.पी. प्रधान मौजूद रहे। इनके साथ - साथ साइबर कार्यक्रम सलाहकार आनंद कृष्णन, एनपीटीआई की प्रधान निदेशक डॉ. मंजू मैम, टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग, ईवाई यूके से पार्टनर रिक हेम्सली, परामर्श सेवाएं जीपीएस, ईएंडवाई इंडिया से निदेशक मनोज कुमार गुप्ता, निदेशक परियोजना, एनपीटीआई से डॉ. एनके श्रीवास्तव सहित विद्युत क्षेत्र की उपयोगिताओं के 30 से अधिक सीआईएसओ इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं।

## एडिटर की कलम से....

### काश वीके पांडियन जैसा कोई अफसर केरल में भी होता

केरल के वायनाड में प्रकृति का प्रकोप दिल दहलाने वाला है। बिखरा मलवा, उजड़े मकान, गांव के बीच बहती नदी और लगातार बढ़ रहे मौत के आंकड़े बता रहे हैं कि 30 जुलाई की रात कितनी भयावह रही होगी। पर्यावरणविद् मानते हैं कि बेहिसाब छेड़छाड़ के बाद प्रकृति बेरहम हो गई। मगर इस त्रासदी का दूसरा पहलू भी है। केंद्रीय गृह मंत्री केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि केंद्र सरकार ने आपदा की आशंका जताते हुए केरल सरकार को अलर्ट किया था, जिसे नजरअंदाज किया गया। उन्होंने संसद में खुले मन से ओडिशा की तत्कालीन नवीन पटनायक सरकार की तारीफ की, जिसने मई में साइक्लोन का अलर्ट मिलते ही आपदा प्रबंधन शुरू कर दिया था। मई में आए रेमल तूफान के कारण ओडिशा में सिर्फ एक व्यक्ति की जान गई थी, वह भी गलती से। उस समय नवीन पटनायक के करीबी अफसर वीके पांडियन ने मोर्चा संभाला था। केरल के अधिकारी भी अगर पांडियन जैसे एक्टिव होते तो वायनाड में लाशों का अंबार नहीं लगता और देश को अफसोस करने की जरूरत नहीं होती।



नरवीर यादव
एसोसिएट एडिटर

वायनाड में आई आफत से सेना और एनडीआरएफ जूझ रही है। मलवों से लगातार शव निकाले जा रहे हैं। अभी तक 276 मौतों की पुष्टि हुई है और 200 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। तकलीफ उस समय और बढ़ जाती है, जब पता चलता है कि अगर सरकार और अफसरों के लापरवाह रवैये से प्राकृतिक विपदा भयावह हो गई है। इस हालात में राज्य सरकार केंद्र की ओर से भेजे गई चेतावनी को नजरअंदाज करने वाले अफसरों पर कार्रवाई के बजाय राजनीति कर रही है। केरल के सीएम पिनराई विजयन ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के संसद में दिए गए बयान को असत्य बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने वायनाड में त्रासदी से पहले केंद्र की ओर से कोई चेतावनी नहीं मिली। लैंड स्लाइड शुरू होने के बाद सुबह 6 बजे रेड अलर्ट जारी किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री ने संसद में बयान दिया था कि केंद्र ने पहली बार 23 जुलाई को पूर्व चेतावनी दी थी। फिर 24 और 25 जुलाई को भी केरल सरकार को अलर्ट किया गया था। शाह ने कहा कि 26 जुलाई को भी 20 सेमी से अधिक बारिश होने और भूस्खलन की चेतावनी दी गई थी। राज्य सरकार ने इन चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया।

वायनाड में इतनी मौतें हुई हैं कि कोई इसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है, क्योंकि सैकड़ों लाशों का बोझ ढोना आसान नहीं है। एक चर्चित कहावत है, सरकार राजनेता बनाते हैं मगर सरकार अफसरशाही चलाती है। राजनेताओं के मातहत काम करने वाले अफसर तय करते हैं कि पॉलिसी कैसे धरातल पर उतरेगी। ऐसे हालात में जनता का भविष्य नेताओं की दूरदर्शिता और अफसरों के इरादे पर टिक जाता है। ओडिशा में इन दोनों के तालमेल ने लोगों को साइक्लोन से बचा लिया। वीके पांडियन भी केरल के अफसरों की तरह केंद्र की ओर से भेजे गई चेतावनी की अनदेखी करते तो हालात अलग होते। मई 2024 में ओडिशा सरकार को भी तूफान की चेतावनी सात दिन पहले भेजी गई थी। उस समय नवीन पटनायक ने पांडियन को हालात से निपटने की जिम्मेदारी सौंपी। पांडियन की क्विक एक्शन टीम ने देश में एक मिसाल कायम की और ओडिशा को जानोमाल के नुकसान से बचा लिया। हालात यह है कि चुनावों में जिस नवीन पटनायक और पांडियन की बीजेपी ने आलोचना की थी, आज उनकी तारीफ गृह मंत्री संसद में कर रहे हैं।

वायनाड में हुई लापरवाही के लिए सरकारी सिस्टम और लालफीता शाही वाली सोच भी जिम्मेदार है। किसी भी अलर्ट को हल्के तौर पर लेना सरकारी सिस्टम की आदत है। बात मौसम की हो या सुरक्षा की। केंद्र के विभाग सतर्कता के अलर्ट जारी करते हैं, मगर उसे गंभीरता से लेने की आदत नहीं है। यह सोच सिस्टम में नीचे से ऊपर तक है। नींद उस समय टूटती है, जब हादसा हो चुका होता है। मौसम को लेकर जारी अलर्ट को रूटीन मानने की परंपरा रही है। याद करें जब गर्मी या सर्दी बढ़ती है, तो सरकार भी अलर्ट जारी कर देती है। सर्दियों में अलाव तब जलाए जाते हैं, जब एक-दो लावारिस लाश सड़क पर मिलती है। गर्मियों में अस्पताल ऐसे ही दुखद खबर के बाद तैयार किए जाते हैं। जिन राज्यों में बाढ़ आती है, वहां भी तैयारियां बारिश में शुरू होती हैं। अफसरशाही के इस रवैये पर अंकुश लगाने की जरूरत है। वायनाड हादसे में भी केरल सरकार की नाकामी साबित होती है। चेतावनी के बावजूद एक्शन नहीं लेने वाले अफसरों पर एक्शन जरूरी है, ताकि सरकार के साथ आम आदमी की सांस भी चलती रहे।

---

**बरसात का परिणाम**

# 24 घंटे बिजली कट से झुलसे लोग

## बिजली कट के कारण अस्पताल से बिना ऑपरेशन के मरीजों को लौटाया

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। बरसात में लाइट कटना आम बात है, लेकिन जब लाइट 12 घंटे से अधिक समय तक न आए, तो वह अपने आप में एक बड़ी समस्या है और सबसे बड़ी समस्या यह है, कि बिजली विभाग के शिकायतकेन्द्रों समेत विभाग के अधिकारी फोन न उठाए तो वह उससे भी बड़ी समस्या है, ऐसा ही शहर के विभिन्न स्थानों पर देखने और सुनने को मिला। फाल्ट के कारण शहर के कुछ हिस्सों में लगभग देर रात से बृहस्पतिवार को पूरे दिन ही लाइट गुल रही। जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी व्यापारियों और अस्पताल संचालकों को उठानी पड़ी। बुधवार की शाम सात बजे से बृहस्पतिवार की शाम साढ़े पांच बजे तक बिजली कुछ हिस्सों में तो आइ ही नही। सैनिक कालोनी के लोगों ने बताया कि देर शाम सात बजे से गई बिजली बृहस्पतिवार की शाम तक नहीं आई, इसके लिए उन्होंने जेई, एक्सइन से लेकर बिजली विभाग के शिकायत केन्द्र सभी पर कॉल किया, लेकिन किसी भी तरह का कोई जवाब नहीं मिला। बिजली कट की यह समस्या बीके चौक, नेहरू ग्राउंड, एनएच-एक, एनएच-दो, तिकोना पार्क, सैनिक कालोनी समेत कई स्थानों पर रही।

**नम्बर व्यस्तः** बिजली विभाग में कॉल कर रहे परेशान लोगों ने बताया कि विभाग का हेल्पलाइन नंबर व्यस्त आ रहे थे। अगर गलती से बात भी हुई तो समाधान के नाम पर केवल आश्वासन मिला।








### नहीं हो सके ऑपरेशन

संतो के गुरुद्वारे में एक चैरिटेबल अस्पताल चलाया जाता है, जहां आंखो से लेकर सभी तरह का इलाज किया जाता है, बृहस्पतिवार को उक्त अस्पताल में करीब आधा दर्जन नेत्र रोगियों का ऑपरेशन होना था, जिसकी तैयारी चिकित्सकों ने पूरी कर दी थी, दवाईयां तक मरीजों की आंखों में डाली जा चुकी थी, लेकिन बिजली कट हो गई, अस्पताल में जनरेटर की सुविधा न होने के कारण सभी मरीजों को करीब दो से तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा, लेकिन दोपहर को तीन बजे तक जब लाइट नहीं आई, तो उन्हें बिना ऑपरेशन के ही लौटा दिया गया।

### नहीं था कोई जबाब

सैनिक कालोनी निवासी संजय भाटिया ने बताया कि बिजली कट की समस्या से रात दिन जूझना पड़ा। जेई, एसडीओ एक्सईएन और बिजली निगम के एसई तक को फोन किया, लेकिन किसी ने फोन रात में उठाया नही। जब लोग दफ्तर पहुंचे, तो बिजली कब शुरू होगी, इसका उनके पास कोई जवाब नहीं था। इस तरह की समस्याएं अन्य कई इलाकों में रही, लेकिन वहां एक से दो घंटे के बिजली कट के बाद पूरा दिन लाइट रही। शहर में कई ट्रांसफार्मर जमीन पर लगे हुए है, करंट लगने से पशुओं की मौत भी हो जाती है, जिस कारण विभाग बिजली की सप्लाई बंद कर देता है।

### नहीं जा सके स्कूल

बुधवार को हुई मूसलाधार बरसात के कारण जहां कुछ बच्चे स्कूल नहीं जा सके। वहीं दूसरी तरफ घरों में लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। ऐसे में लोग हाथ के पंखे का इस्तेमाल करते नजर आए क्योंकि कुछ इलाकों में 10 से 12 घंटे का लम्बा बिजली कट लोगों की परेशानी का सबब बन गया।

बिजली विभाग के मुताबिक उनके पास चार हजार शिकायतें आई। जिसमें पॉश इलाकों से लेकर औद्योगिक इलाके सभी में बिजली कटौती की समस्या का सामना लोगों को करना पड़ा।

### परेशान रहे लोग

पॉश इलाके में शामिल सेक्टर-15, 16, 22, 23, 45, 48, तीन और सेक्टर-55, 56, के अलावा कालोनियों में भी बिजली कट रहा। जिसमें संजय कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, एसजीएम नगर, सैनिक कॉलोनी, मलेरना रोड, मुकेश कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी, यादव कॉलोनी, मुजेसर, इंद्रा कॉम्पलेक्स, भारत कॉलोनी खेड़ी, एनआइटी-चार, पांच, पल्ला, खेड़ी, ग्रेटर फरीदाबाद की सोसाइटियों और ओल्ड फरीदाबाद के कई हिस्सों में लोग सुबह से दोपहर तक बिजली कटौती से जूझते रहे।

---

**शहर में खुले नाले और गड्ढे बन रहे लोगों की जान के दुश्मन**

# पैर फिसलने से नाले में गिरा युवक, 12 घंटे बाद निकाला शव, रोष

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। नगर निगम को जहां एक तरफ नालों को साफ करने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन बरसात का मौसम शुरू होने तक भी नालों की सफाई का काम पूरा नहीं हो सका है, ऐसे में जगह जगह नाले खुले पड़े है। बीती रात बरसात के मौसम में एक युवक खाना लेने एक निकला, तो पैर फिसलने के कारण नाले में जा गिरा, हालांकि पुलिस को सूचना युवक के गिरते ही दे दी गई, लेकिन पुलिस ने 12 घंटे बाद रेस्क्यू अभियान चलाया और शव को नाले से बृहस्पतिवार को निकाला, जिस पर युवक के परिजनों का गुस्सा बढ़ गया उनका आरोप है, कि यदि पहले ही पुलिस रात में कुछ करती तो शायद युवक की जान बच सकती थी। ऐसा पहली बार नहीं हुआ, शहर में बुधवार को करीब तीन घटनाएं इस तरह की घटित हुई, जहां नगर निगम और एफएमडीए के कारण लोगों को जान गवानी पड़ रही है। शहर में खुले पड़े नाले और गड्ढों में गिर कर लोग अपनी जान गवां रहे है और प्रशासन सोया हुआ है।

**बुधवार को करीब तीन घटनाएं इस तरह की घटित हुई, जहां नगर निगम और एफएमडीए के कारण लोगों को जान गवानी पड़ रही है। शहर में खुले पड़े नाले और गड्ढों में गिर कर लोग अपनी जान गवां रहे है**

**पहला मामला:** वल्लभगढ़ के आदर्श नगर का रहने वाला 22 वर्षीय प्रिंस होटल से खाना लेने गया था। जहां बरसात के कारण उसका पैर फिसला और वह नाले में गिर गया। हादसे के करीब 12 घंटे बाद बृहस्पतिवार को सुबह प्रशासन द्वारा रेस्क्यू शुरू किया गया। कुछ देर बाद ही प्रिंस का शव नाले में लोहे के सरिए में अटका हुआ मिला। लोगों में रोष था कि रात को हादसे की सूचना डायल 112 और स्थानीय पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने बीती को युवक को नाले में खोजने का कोई प्रयास नहीं किया। इसके चलते युवक की सुबह तक मौत हो गई।

**दूसरा मामला:** दूसरी घटना बुधवार की शाम को सेक्टर 37 स्थित सामुदायिक भवन के पास हुई। यहां पर एक गड्ढा खोदा हुआ है, लेकिन प्रशासन ने बरसाती मौसम होने के बावजूद इस गड्ढे की ओर ध्यान नहीं दिया। बरसात के कारण पानी भर गया और एक महिला अपने बच्चे समेत उसमें गिर गई। लोगों ने उनको निकाल लिया।

**तीसरी घटना:** तीसरी घटना भी सेक्टर-37 स्थित सामुदायिक भवन के पास घटित हुई, जहां एक अन्य व्यक्ति बैलेंस बिगड़ने से गड्ढे में जा गिरा। लोगों ने युवक को निकालने का काम शुरू किया, लेकिन बाहर निकालते समय वह फिर से गड्ढे में गिर गया। रिंकू नाम के युवक ने गड्ढे में गिरे व्यक्ति को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला।

## कावंड खंडित, हाईवें जाम का कांवड़ियों ने किया प्रयास



फरीदाबाद। नेशनल हाईवे नंबर-19 स्थित मेवला महाराजपुर मेट्रो स्टेशन के सामने एक कार ने हरिद्वार से आए एक कांवड़िये की कांवड़ में टक्कर मार दी। इसके चलते उसकी कांवड़ खंडित हो गई। घटना के बाद गुस्साएं कांवड़ियों ने हाईवें को जाम करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस को इसकी भनक लग गई और पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस घटना के बाद ड्राइवर कार को छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया और कांवड़ियों को जांच का आश्वासन देकर मामले को शांत करवाया।

कांवड़िये ने बताया कि ढाई सौ किलोमीटर दूर से 11 दिनों की पैदल यात्रा कर कांवड़ लेकर यहां पहुंचे थे। यहां पर यह हादसा हो गया। कांवड़ियों को कहना था कि उनकी सारी मेहनत पर पानी फिर गया है। कांवड़ियों में कांवड़ के खंडित होने से काफी रोष था। एक कांवड़िये ने बताया कि कार ड्राइवर ने जानबूझकर उनकी कांवड़ में टक्कर मारी थी। इसके बाद वह कार छोड़ कर भाग गया। कांवड़ियों का कहना था कि वह केवल इतना चाहते हैं कि आरोपी कार ड्राइवर उनकी खंडित की गई कांवड़ के बदले या तो ढाई सौ दंड-बैठक लगाए, या फिर मौके पर आकर उनसे माफी मांगे। हालांकि, पुलिस ने कांवड़ियों को समझा बुझाकर शांत कराया और आश्वासन दिया कि उनकी खंडित कांवड़ को दोबारा से लाकर जल चढ़ाया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर कार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित द्वारा जो भी शिकायत पुलिस को दी जाएगी, उसके हिसाब से उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

**एनएचएम हड़ताल का असर**

# निजी एम्बुलैंस चालक मांग रहे मुंहमांगी रकम

## बीके से सुभाष चौक तक 400 रुपये में जाएगी एम्बुलैंस, चलना है तो बताओ

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। पिछले सात दिनों से एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। वहीं इस हड़ताल का फायदा प्राइवेट वाहन चालक उठा रहे है। एम्बुलैंस से मरीजों को घर तक छोड़ने की एवज में चार सौ से हजारों रुपये तक की मांग की जा रही है। ऐसा ही शहर के बीके खान सिविल अस्पताल में देखने को मिला। यहां न तो मरीजों को बेहतर ईलाज मिल रहा है, न ही प्रर्याप्त दवाईया। ऐसे में अस्पताल से घर छोड़ने के एवज में निजी एम्बुलैंस चालक और ऑटो चालक मुंहमांगी रकम मांग रहे है। वहीं डिलीवरी हट सेंटरों पर ताला होने के कारण अस्पताल में अधिक संख्या में मरीज आ रहे है, ऐसे में वहां से अधिकांश मरीजों को रेफर कर दिया जाता है, लेकिन रेफर होकर जाने वाले मरीजों को सरकारी एम्बुलेंस न मिलने के कारण निजी एम्बुलेंस व ऑटो चालकों के हाथों लुटने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### एनएचएम कर्मचारियों ने किया हवन

एनएचएम कर्मचारियों ने सांझा मोर्चा के बैनर तले चल रही हड़ताल का सातवें दिन भी जारी रही। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा सरकार और सरकारी अधिकारियों को सद्‌बुद्धि आए उन्हें 26 साल से कार्यरत एनएचएम कर्मचारियों के प्रति कुछ दया आए कुछ भला करें वह कर्मचारियों का इसकी कामना करते हुए कर्मचारियों ने मिलकर फरीदाबाद जिले में हवन किया। पूरे विधि विधान के साथ मंत्र उपचार के साथ हवन पारंपरिक तरीके से किया गया। जिला प्रधान श्री धर्मेंद्र सिंह ने हवन के बाद निर्णय लिया गया कि तीन तारीख को सभी एनएचएम कर्मचारियों एक ट्रैक्टर ट्राली की रैली निकालेंगे, जिसमें आगे आगे ट्रैक्टर ट्रोलिस होगी पीछे सभी महिलाएं अपनी स्कुटियों पर होंग। यह रैली सुबह 10:00 बजे सरकारी अस्पताल बीके हॉस्पिटल से निकलकर विधायक सीमा तिरखा के घर जाएगी तथा वहां उनसे अपनी मांगों से बात करेंगी व उन्हें अवगत कराएगी की आने वाली 5 तारीख को विधानसभा में वह हमारी मांग जो की एनएचएम कर्मचारियों को रेगुलर करने की है उसे मांग कोजरूर उठाएं ताकि अगर हम रेगुलर हो गए तो हम अपने सभी वोट सरकार को ही देंगी और आने वाली विधानसभा में हम उन्हें रेगुलर कर सकें। इसके बाद सांसद कृष्णपाल गुर्जर, और दोपहर को दो बजे मंत्री मूलचंद शर्मा को ज्ञापन देंगे।



### सुभाष चौक तक चार सौ रुपये




नंगला इलाके में मौजूद सुभाष चौक पर रहने वाली शीला ने बताया कि उसके बेटे की पत्नी पूजा की डिलीवरी शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल में हुई है। पांच दिनों के बाद चिकित्सकों ने उसे सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी, ऐसे में उन्होंने जच्चा-बच्चा को घर तक छोड़ने के लिए अस्पताल में एम्बुलैंस की मांग की, लेकिन 112 में बताया कि एम्बुलैंस नहीं है कर्मचारी हड़ताल पर है। ऐसे में उन्होंने निजी एम्बुलैंस के लिए बात की तो उन्होंने बीके से सुभाष चौक तक छोड़ने की एवज में 400 रुपये मांगे। ऐसे में मजबूरन उन्हें 400 रुपये देकर जच्चा-बच्चा को घर ले जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। डबुआ कालोनी में टेलर का काम करने वाले अरुण का किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैर खराब हो गया। ऐसे मे आस-पड़ौस के लोग उसे ऑटो से लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां अरूण के लिए स्ट्रेचर भी नसीब नहीं हुआ, एक मरीज को बिस्तर पर लेटाकर परिजनों ने स्ट्रेचर खाली करवाया।




### डिस्पेंसरी में हड़ताल, बीके आए

ऑटोपीन झुग्गी से आई गर्भवती ने बताया कि तेज प्रसव पीड़ा होने पर वह मुजेसर स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में गए थे, लेकिन वहां हड़ताल के कारण पिछले कुछ दिनों से डिस्पेंसरी बंद बताई गई। जिस पर वह ऑटो से बीके आई है, ऐसे में ऑटो से आने में काफी परेशानियां बढ़ गई। हड़ताल की वजह से एम्बुलैंस नहीं मिल रही है। मरीज चक्कर काट रहे है, यहां कोई सुनने वाला नहीं है। वहीं गर्भवती शलीनी ने बताया कि वह बदरपुर से आई है, ऑटो से आना पड़ा।

### ओपीडी में बढ़ी भीड़

डिस्पेंसरियों की हड़ताल के कारण शहर के सबसे बड़े बादशाह खान सिविल अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। लेकिन अस्पताल प्रबंधन की तरफ से किसी तरह के कोई विशेष प्रबंध नहीं किए गए है। पिछले सात दिनों से जहां लगातार मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है, वहीं दूसरी तरफ महिला रोग विशेषज्ञ के कक्ष के बाहर भीड़ बढ़ गई है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस हद तक मरीज परेशान है।

# बगोत कांवड मेले में सुरक्षा की कमान 210 पुलिस कर्मियों के हवाले

**ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल,डीएसपी महेंद्र सिंह सहित राजस्व विभाग के कर्मी भी रख रहे नजर**

**शिवभक्तों द्वारा अब तक 25 हजार कांवड अर्पित की गई**

**सभी आपातकालीन सेवाओं को रखा गया है अलर्ट मोड पर**

**सर्तकता के चलते अभी तक किसी अप्रिय घटना के समाचार नहीं**





समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** हरियाणा सहित समूचे उत्तर भारत में प्रसिद्ध कनीना-दादरी मार्ग तथा एनएच 152डी के समीप कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत स्थित बाघेश्वर धाम में आयोजित कांवड मेले में सुरक्षा की दृष्टि से र्प्याप्त प्रबंध किए गए हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल सहित 210 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें 150 पुरूष तथा 60 महिला पुलिस कर्मचारी शामिल हैं। सीआईए स्टाफ सिविल में नजर रख रहा है वहीं यातायात निरीक्षक नरेश कुमार व उनकी टीम ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए बेरिकेटिंग के साथ डटी हुई है।

डीएसपी महेंद्र सिंह,थाना अध्यक्ष निरीक्षक मुकेश कुमार ने भी ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। मंदिर के मंहत रोशनपुरी व महिपाल नम्बरदार ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। शिवभक्तों द्वारा अब तक करीब 25 हजार कांवड शिवलिंग पर अर्पित की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि मेले में अभी तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना के समाचार नहीं हैं। एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, गोताखोर सहित स्वास्थ विभाग की सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मेले के दौरान ड्यूटी मैजिस्टेट दलबीर सिंह ने फिल्ड कानूनगो राजेश कुमार, ओमप्रकाश यादव,प्रदीप पटवारी, संजीत पटवारी, शमशेर पटवारी, महेंद्र सिंह खटाना, राम सिंह नंबरदार, राजेंद्र सिंह सरपंच के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सावन माह की त्रयोदशी के दिन आज शुक्रवार,2 अगस्त को शिवभक्त बम-बम के जयकारों के बीच प्राकृतिक स्वंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक करेगें।

नागेंद्र शास्त्री ने एक किवंदती के माध्यम से बताया कि ऋषि पिप्लाद ने यहां पर तपस्या की थी। राजा दिलीप को कोई संतान नहीं थी। जिससे वे दुखी रहते थे, और दुख के निवारण के लिए अपने कुलगुरू वशिष्ठ के पास गए ओर अपना दुखद वृतांत सुनाया। गुरू वशिष्ठ ने पिप्लाद त्रिषि के आश्रम में नंदिनी नामक गाय व कपिला बछडी को उपवास रखकर जंगल में चराने,भोजन कराने को कहा। अब राजा दिलीप प्रतिदिन उपवास रखकर उन्हें चराने जंगल में जाते। एक दिन शंकर भगवान ने राजा की परीक्षा लेने के मकसद से बाघ का स्वरूप धारण कर बछडी पर धावा बोल दिया। राजा की नजर जब बाघ पर पड़ी तो हाथ जोडकर प्रार्थना करते हुए कहा कि वे गाय-बछडी को छोडकर उन्हें अपना भक्ष्य बना लें। उनका मानना था के बछडी को खाने देते तो उन पर गाय का श्राप लगता ओर गाय को खायेगा तो उनकी तपस्या पूरी नहीं हो सकेगी। ऐसा कहकर उन्हें अपने आप को बाघ के सामने पटक दिया। कुछ समय बाद कोई हरकत नहीं होने पर उन्होंने सिर उठाकर देखा तो उनके सामने बाघ के स्थान पर भोले शंकर खड़े थे। इस किवंदती के बाद इस स्थान का नाम बाघेश्वर धाम पड़ा। यहां पर प्रतिवर्ष सावन माह की त्रयोदशी को शिवरात्री तथा फाल्गुन माह की त्रयोदशी को महाशिवरात्री के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। जिला प्रशासन की ओर से मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जाते हैं। आपात स्वास्थ सेवाओं को लेकर शिवमंदिर के साथ में स्वास्थ विभाग की ओर से अस्पताल संचालित कर व चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई जाती है। मेले के दौरान अस्थाई पुलिस चैकी खोली जाती है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया जाता है। जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि कांवड मेले को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

**प्राकृतिक शिवलिंग की महिमा**

यहां पर प्राकृतिक स्व्यंभू शिवलिंग है। जिनकी महिमा निराली है। उस दौरान अनजाने में गांव की महिलाएं खेतों में जाते समय शिवलिंग को पत्थर समझकर घास खुदाई करने वाले लोहे के उपकरण,खुर्पे को घिसकर धार देती थी। इस शिवलिंग को झज्जर के नवाब फकरुद्दीन ने अपनी सेना को उखाडने का आदेश दिया था। लेकिन सेना इसे उखाडने में असफल रही। खुदाई के दौरान वहां पर काले सर्प व जहरीले जानवर निकले। जिससे सैनिक कार्य छोडकर भाग खडे हुये थे। राजा ने यहां पर पशु मेला आयोजित करने का हुक्म दिया। जब पशु मेला लगा था तो भयकंर औलावृष्ठि हुई ओर अनेकों पशु बे-मौत मारे गए। उसके बाद राजा ने गंगा जल लेकर जलाभिषेक करते हुए पुनरू मेले की शुरूआत की। उसके बाद से यहां पर कांवड़ मेला आयोजित किया जाने लगा। शिवभक्त प्रतिवर्ष सावन माह में आयोजित होने वाले मेले में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं।

**केतकी के फूल को मिला शाप**

एक बार ब्रह्माजी व विष्णुजी में विवाद छिड़ गया कि दोनों में श्रेष्ठ कौन है। ब्रह्माजी सृष्टि के रचियता होने के कारण श्रेष्ठ होने का दावा करत रहे वहीं भगवान विष्णु पुरी सृष्टि के पालनकर्ता के रूप में स्वयं को श्रेष्ठ बता रहे थे। तभी वहां पर एक शिवलिंग प्रकट हुआ। दोनों देवताओं में सहमति से फैसला हुआ कि जो भी इस शिवलिंग के छोर का पहले पता लगाएगा उसे ही श्रेष्ठ माना जाएगा। दोनों विपरीत दिशा में शिवलिंग का छोर ढूंढने लगे। छोर न मिलने के कारण विष्णु जी लौट आए लेकिन ब्रह्माजी भी सफल नहीं हुए। परंतु उन्होंने विष्णुजी से कहा कि वे छोर तक पंहुच गए हैं। उन्होंने केतकी के फूल को इस बारे में साक्षी बताया। ब्रह्माजी के असत्य कहने पर वहां स्वयं शिव भगवान प्रकट हुए ओर उन्होंने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया ओर केतकी के फूल को पूजा से वंचित रहने का श्राप दिया। इस घटना के बाद पूजा में केतकी के फूलों का इस्तेमाल नहीं होता और ना ही ब्रह्माजी की पूजा की जाती।

# 81 एमएम बारिश से निचले स्थानों पर हुआ जलभराव

**जल निकासी नहीं हो रहे उचित प्रबंध**

**33 हजार हैक्टेयर रक्बे में खडी खरीफ की फसल को हुआ फायदा**



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना क्षेत्र में बीते बुधवार रात के समय हुई 81 एमएम मॉनसुन की बारिश के बाद निचले स्थानों तथा सडक मार्गें पर जलभराव हो गया। जगह-जगह पानी खडा होने पर नागरिकों ने नगरपालिका व उपमंडल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर समय रहते जल निकासी के उचित प्रबंध न किए जाने को लेकर सवाल खडे किए। प्रबुध नागरिकों ने कहा कि मॉनसून की बारिश होने के बाद पिछले करीब तीन महिने की गर्मी से कुछ हद तक निजात मिली है वहीं पानी निकासी के उचित प्रबंध नहीं होने से जगह-जगह पानी जमा हो गया है। बारिश से कनीना में 48 निचले स्थानों पर पानी जमा होने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। रामपुरी रजबाहे से लेकर अटेली मोड, फिलिंग स्टेशन के समीप, कनीना बस स्टैंड, अस्पताल, बीडीपीओ कार्यालय, स्टेट वेयर हाउस, रेवाडी मोड,अटेली मोड, पशु अस्पताल, जोहड के समीप, सिटी थाना सहित अन्य स्थानों पर पानी जमा रहा। कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर किए जा रहे नाले के निर्माण में पानी जाने का रास्ता न छोडे जाने पर स्टेट हाईवे 24 पर पानी जमा हो रहा है जिससे उसके खंडित होने की संभावना बन रही है। बारिश होने के बाद कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 27 तथा अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेलसियस पर आ गया है। मौसम ठंडा होने पर गर्मी से राहत महसूस हुई है। मॉनसून की अच्छी बारिश होने के बाद किसानों की ओर से खरीफ फसल सिंचाई का कार्य बंद कर दिया गया है। खंड कृषि अधिकारी कार्यालय के एडीओ विकास यादव ने बताया कि कनीना खंड में करीब 33 हजार हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि है जिसमें 6900 हैक्टेर भूमि में कपास तथा 98 हैक्टेयर रक्बे में मूंग की खेती गई है। इसके अलावा 26 हजार हैक्टेयर रक्बे में बाजरा व गवार बिजाई किया गया है। बारिश की कमी से फसल सूखने लगी थी। बारिश होने के बाद फसल पर रौनक छा गई है जिसे लेकर किसानों में खुशी की लहर है। नगरपालिका सचिव समयपाल सिंह ने कहा कि बरसात के पानी की निकासी के लिए नालों की सफाई करवाकर दुरूस्त करवाया गया है। नपा की टीम जलभराव वाले प्वाईटों पर नजर रख रही है। पानी को नहीं ठहरने दिया जायेगा। आमजन को परेशानी पेश नहीं आने दी जाएगी।

# यूरो स्कूल कनीना मे माईम प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** यूरो स्कूल कनीना में बृहस्पतिवार को कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच माईम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीसरी से पाँचवी के विद्यार्थियो के बीच कैरम वोर्ड प्रतियोगिता करवाई गई। ये प्रतियोगिताएँ अंतर सदनीय स्तर पर हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

प्रतियोगिता में डार्विन सदन प्रथम, आईंसटिन सदन द्वितीय तथा न्यूटन सदन एवं एडीसन सदन तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य सुनील यादव व उप प्राचार्या संजू यादव ने बताया कि वर्तमान युग प्रतियोगिक युग है। समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं हुआ तो हम इस प्रतियोगिक युग में पीछे रह जाएँगें। उन्होनें विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए बताया कि हमें हर प्रकार के क्षेत्र में चाहे वो शैक्षणिक हो या खेलों से संबंधित हो उसमें भाग अवश्य लेना चाहिए। ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से हमारा बौद्धिक स्तर बढ़ता है और हमें नई-नई जानकारियाँ प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलता है। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर विरेन्द्र सिंह, रितु तंवर, तन्नू गुप्ता, सुमन यादव व समस्त अध्यापक उपर्सथित थे।



## ग्रामीणों ने सरंपच पर हरे पेड कटवाने का आरोप लगाकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना खंड के गांव मोहनपुर नांगल में बंजर भूमि में खडे हरे पेड काटने को लेकर ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। जिसे लेकर उन्होंने एसडीएम सुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि सैकडों वर्ष पुराने जाल के पेडों को निशाना बनाया जा रहा है। ग्रामीण अमित कुमार,प्रवीन, राजकुमार,चंद्रपाल,महिपाल, बिरजु,कांता ने ग्राम सरपंच पर मिट्टी केक अवैध खनन तथा पेडों को कटवाने का आरोप लगाया है। ग्राम सरपंच ने जीतराम ने दूरभाष पर बताया कि उनके संज्ञान में मिट्टी के उठान तथा पेडों के कटान की कोई जानकारी नहीं है। वे हरिद्वार गए हुए हैं। ऐसा हुआ है तो आने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने पूरे घटनाक्रम की जांच करवाकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## खेडी के व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** उपमंडल के गांव खेड़ी निवासी एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी आत्महत्या कर ली सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच कार्रवाई शुरू कर दी परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक नवीन कुमार, 30 वर्ष अटेली मोड़ के समीप एक मिल में काम करता था परिजनों ने पुलिस को बताया कि मिल मलिक ने उस पर लाखों रुपए गबन का आरोप लगाया था जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था जिसके चलते उसने बृहस्पतिवार को कनीना-दादरी मार्ग पर उन्हाणी यूरो स्कूल के समीप उसने जहरीला पदार्थ खा लिया तबीयत बिगड़ने पर अपने दोस्त को टेलीफोन किया जिसने उसे कनीना के निजी अस्पताल में दाखिल कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया परिजनों से रेवाड़ी के निजी अस्पताल लेकर गए जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया पुलिस के अनुसंधान अधिकारी तपेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक नवीन के पिता की शिकायत पर मिल मलिक व संचालक मनीष कुमार के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत केस दर्ज कर शव का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया।

## तनख्वाह काटने और कारण बताओ नोटिस किया जारी

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** निगम आयुक्त ए. मोना श्रीनिवास ने मुंझेडी व प्रतापगढ प्रोसेसिंग प्लांट पर नियुक्त एक कनिष्ठ अभियंता के कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताते हुए उसकी 15 दिन की तनख्वाह काटने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिये। निगमायुक्त ने आगे बताया कि इस कर्मचारी को इसके विभागाध्यक्ष द्वारा पहले भी कई बार मौखिक व लिखित तौर पर सही प्रकार से कार्य करने व कार्यलय में नियमित उपस्थिति के बारे निर्देश दिये गये परन्तु इस पर उपरोक्त कनिष्ठ अभियंता द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया गया। निगमायुक्त ने निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगर भविष्य में कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतता है तो खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कृषि महाविद्यालय बावल में अलकनंदा कन्या छात्रावास, पुस्तकालय व परीक्षा भवन का किया उद्घाटन




समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, विरासत एवं पर्यटन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री कंवर पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपेक्षा अनुसार मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार किसानों को बीज से लेकर बाजार तक उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय में हरियाणा सबसे आगे है। हरियाणा प्रदेश की प्रगति बेमिसाल है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरूवार को चौधरी चरण सिंह कृषि अनुसंधान केन्द्र बावल में स्थित कृषि महाविद्यालय परिसर में अलकनंदा कन्या छात्रावास, पुस्तकालय व परीक्षा भवन का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करने उपरांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में हरियाणा सरकार में लोक निर्माण मंत्री डा.बनवारी लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर नवाचार और नई-नई पहलों के माध्यम से किसानों की प्रगति सुनिश्चित कर रही है। सरकार की ओर से खेत-खलिहान सडक़ योजना के तहत गांवों में यातायात व्यवस्था व कनेक्टिविटी सुचारू की गई है कि ताकि किसानों को अपनी उपज को मंडियों तक ले जाने में किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह किसानों के संघर्ष और उनकी समस्याओं से भली-भाँति परिचित हैं इसलिए वे निरंतर किसानों के कल्याण हेतु सरकार की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं ताकि किसान कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सके।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि अनुसंधान के बल पर हरियाणा पुन: उत्तम खेती की ओर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को चाहिए कि वे कृषि में नवाचार व नए प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज को दुनियाभर में प्रसिद्धि दिलाई है। उन्होंने किसानों से मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत जल संरक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान कड़ी मेहनत करके अपनी फसल उगाता है लेकिन जब फसल पक कर मंडी में जाने का समय आता है तो बरसात के सीजन में किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों को इसी समस्या को समझते हुए सरकार ने खेत खलिहान सडक़योजना शुरू की है। इसके तहत प्रदेश के किसी भी खेत में अब कच्ची सडक़ नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि 2014 से जब से नरेंद्र मोदी की केंद्र में सरकार आई है तब से गरीबों, युवाओं और महिलाओं के साथ-साथ अन्नदाता यानी किसान का कैसे विकास हो ये केंद्र सरकार के मुख्य एजेंडे रहे हैं। किसानों के जीवन में कैसे बेहतरी आए, इसके लिए मोदी सरकार लगातार प्रतिबद्ध है। किसानों के कल्याण पर फोकस करते हुए केंद्र सरकार व राज्य सरकार लगातार कार्यक्रम और नीतियां निर्धारित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका उद्देश्य वित्तीय सुरक्षा, कौशल विकास, बाजार पहुंच और टिकाऊ कृषि पद्धतियां प्रदान करके किसानों के जीवन में खुशहाली लाना है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को पुरस्कृत भी किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल व लोकनिर्माण मंत्री डा. बनवारी लाल ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली, एसडीएम मनोज कुमार, वीसी प्रो. बीआर कंबोज, कॉलेज डीन डा. एसके पाहुजा, प्राचार्य डा. नरेश कौशिक, रीजनल निदेशक डा. धर्मबीर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 32 वर्षों से कांवड़ ला रहे शिव भक्त कपिल शर्मा का हुआ भव्य स्वागत

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



**रेवाड़ी।** जिला रेवाड़ी से लगभग 700 किलोमीटर दूर उत्तराखंड स्थित गौमुख, जहां से गंगा की पवित्र धारा निकलती है वहां से रेवाड़ी के कपिल शर्मा वहां से कांवड़ लेकर वीरवार को रेवाड़ी पहुंचे। कपिल शर्मा ने बताया कि उन्होंने गुरुपूर्णिमा के दिन 21 जुलाई को गौमुख से इस पवित्र कांवड़ को कंधे पर उठाया था। जिसे झुलाते हुए आज 12 दिन की पैदल यात्रा कर रेवाड़ी पहुंच गया हूँ व कल प्रात: शिव रात्रि को नसिया जी के पास बने शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। हम आपको बता दें कपिल चन्द शर्मा राम लीला के बेहतरीन कलाकार हैं जो कई वर्षों तक राम, श्रवण कुमार व दशरथ का अभिनय करते रहे हैं। उनका कहना है कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से मुझे शक्ति मिलती है। जब तक भोलेनाथ चाहेंगे इसी प्रकार कांवड़ लाता रहूंगा।

## सिवानी बार की अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त अतिरिक्त सिविल जज का किया स्वागत




समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी मंडी।** स्थानीय अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन मोहम्मद जकारिया खान के कार्यभार ग्रहण करने पर बार एसोसिएशन की ओर से उनके सम्मान में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए बार के प्रधान सुधीर श्योरण ने बताया कि बुधवार को स्थानीय अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन मोहम्मद जकारिया खान ने कार्यभार संभाला था और गुरुवार को उनके सम्मान में बार के अधिवक्ताओं की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बार में पहुंचने पर अतिरिक्त सिविल जज का बुके देकर सम्मान किया गया इसके बाद अतिरिक्त सिविल जज ने अधिवक्ताओं को संबोधित कहा किया और कहा कि अदालत और बार का एक पावन रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बखूबी निभाने है। इस मौके पर भिवानी बार के प्रधान सत्यजीत पिलानिया और सिवानी बार के अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

## खंड के सभी राजकीय व निजी विद्यालयों के विज्ञान अध्यापकों का सेमिनार आयोजित

समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी मंडी।** वीरवार को राजकिय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवानी मे खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में खंड के सभी राजकिए व निजि विद्यालयों के विज्ञान अध्यापको का एक सेमिनार आयोजीत किया गया सम्मेलन का शुभारम्भ खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने किया विद्यालय के कार्यकर्ता प्रचार्य श्री राजवीर सिंह ने सभी अध्यापकों का स्वागत करते हुए पौधों के विज्ञान की जानकारी दी विज्ञान खण्ड संयोजक श्री बजरंग सिंह , श्री मनोज कुमार , श्री सूरजभान ने इंस्पायर अवार्ड विज्ञान नाटक, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, विज्ञान संगोष्ठी आदि प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से बताया खंड शिक्षा अधिकारी श्री सुरेंद्र सिंह ने विज्ञान अभिप्रेरणा की अनेक बातें विस्तार से बताई उनको कहा कि एक विज्ञान अध्यापक समाज में बहुत बदलाव कर सकता है उन्होंने सभी अध्यापकों विज्ञान की गतिविधि में भाग लेने की अपील की इसअवसर पर खण्ड के सभी विद्यालय के विज्ञान अध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।





# वेदांग के साथ डेटिंग को लेकर फिर चर्चा में आईं खुशी कपूर

बोनी कपूर की लाडली बेटी और जान्हवी कपूर की बहन खुशी कपूर ने जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से अपना अभिनय डेब्यू किया है। हालांकि, खुशी कपूर डेब्यू से पहले से ही अपने अंदाज से दर्शकों का दिल जीत चुकी थीं। खुशी की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। अपनी फिल्म की रिलीज के बाद अभिनेत्री अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अब खुशी एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं।

**वेदांग रैना के साथ फिर जुड़ा खुशी कपूर का नाम**

द आर्चीज के बाद से ही खुशी कपूर का नाम उनके सह-कलाकार वेदांग रैना के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि, दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की है, लेकिन हाल ही में मीडिया में खुशी के फोन का वॉलपेपर कैप्चर किया गया है, जिसमें वेदांग, उनकी बहन जान्हवी कपूर और जान्हवी के बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ उनकी एक तस्वीर थी। खुशी कपूर को मुंबई एयरपोर्ट से निकलते हुए देखा गया। वह टैंक टॉप और मैचिंग जॉगर्स में नजर आईं। बिना मेकअप के और बालों को पोनीटेल में बांधे खुशी एंट्री की ओर बढ़ीं। इसी समय खुशी का वॉलपेपर मीडिया के कैमरे में कैद हो गया। सोशल मीडिया पर इस वीडियो के वायरल होते ही लोगों के बीच एक बार फिर खुशी और वेदांग की डेटिंग की अफवाहों ने जोर पकड़ लिया है।



# हीरामंडी के बाद अब इस निर्देशक के साथ काम करना चाहती हैं प्रतिभा



अभिनेत्री प्रतिभा रांटा ने पता लेडी में किरण राव के साथ और हीरामंडी में संजय लीला भंसाली के साथ काम किया अब अभिनेत्री ने कहा कि भविष्य में फिर दोबारा से दोनों निर्देशकों के साथ काम करने में उन्हें खुशी होगी। साथ ही अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वे भविष्य में किस निर्देशक के साथ काम करना चाहती हैं। प्रतिभा ने कहा कि वे इम्तियाज अली के साथ काम करना चाहती हैं और उनकी फिल्म में मुख्य नायिका का किरदार करना चाहती हैं। प्रतिभा ने किरण राव और संजय लीला भंसाली से सीखी हुई बातें भी बताईं और उनके काम की प्रशंसा भी की। प्रतिभा का कहना है कि किरण विवरण पर ध्यान देती हैं और संजय अपने काम के प्रति जुनूनी हैं।




# 'कृष्णा मोहिनी' का सफर गिरती टीआरपी के चलते हुआ खत्म

कलर्स टीवी का फहमान खान और देबत्तमा साहा स्टारर शो 'कृष्णा मोहिनी' गिरती हुई टीआरपी के कारण बंद कर दिया गया है। शो दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचने में नाकाम रहा, जिसके कारण चैनल ने ये फैसला लिया। शो से फहमान और देबत्तमा दोनों ने थोड़े समय बाद टेलीविजन पर वापसी की थी। इस शो में समलैंगिकता जैसे संवेदनशील विषय को भी दिखाया गया था। दर्शकों के दिल को नहीं छू पाया सीरियल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टेलीविजन पर समलैंगिकता जैसे विषय को पहली बार दिखाया जा रहा था। इस तरह का शो बनाने के लिए निर्माताओं और अभिनेताओं दोनों की सराहना की गई थी, लेकिन यह दर्शकों के दिल को छूने में नाकाम रहा। इसी वजह से यह अपना प्रभाव नहीं छोड़ पाया और टीआरपी की रेस हार गया। इस शो में मुख्य भूमिका निभाने वाले देबत्तमा और फहमान ने शूटिंग के आखिरी दिन की एक झलक दिखाई। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी साझा की। देबत्तमा ने शो के आखिरी दिन का अपना एक छोटा सा वीडियो क्लिप साझा किया। वह इस वीडियो में वह काफी मायूस लग रही थीं। वहीं, अभिनेता फहमान ने भी अपनी एक तस्वीर स्टोरी पर साझा की, जिसमें उन्होंने लिखा, 'आखिरी लुक।'

# प्रभास की फिल्म स्पिरिट पर नया अपडेट

पैन इंडिया स्टार प्रभास की हर एक फिल्म का उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतजार करते हैं। प्रशंसक प्रभास की हर एक फिल्म को लेकर जानकारी प्राप्त करते रहते हैं। कल्कि 2898 एडी की अपार सफलता के बाद प्रभास की आगामी फिल्म स्पिरिट को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस जानकारी से प्रभास के प्रशंसक बेहद खुश होने वाले हैं।

**डबल रोल में प्रभास**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म स्पिरिट में प्रभास डबल रोल में नजर आएंगे। प्रभास एक पुलिस अधिकारी के रूप में दिखेंगे, जबकि दूसरी भूमिका में वे मुख्य विलेन का किरदार निभाएंगे। यानी की प्रभास एक ही फिल्म में हीरो और खलनायक का रोल निभाते नजर आएंगे। प्रभास को डबल रोल में देखना उनके प्रशंसकों के लिए काफी रोमांचक और अनोखा अनुभव रहेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निगेटिव रोल में प्रभास की एंट्री फिल्म के इंटरवल के बाद होगी, जो कि फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ की शुरुआत को संकेत देगी। एनिमल फिल्म से प्रसिद्धी हासिल कर चुके निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा को उनके बेहतरीन निर्देशन के लिए जाना जाता है। वहीं, प्रभास को निगेटिव अवतार में देखना निश्चित रूप से दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगा। प्रभास और संदीप के प्रोजेक्ट स्पिरिट को लेकर यही अनुमान लगाया जा सकता है कि यह एक यादगार फिल्म होगी। हालांकि, प्रभास के डबल रोल को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इस जानकारी ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर और अधिक जिज्ञासा पैदा कर दी है। प्रभास का दोहरी भूमिका में आना दर्शकों की उम्मीदों को और भी बढ़ाता है।



# शरवरी वाघ ने शुरू की अल्फा की शूटिंग

यशराज अपने बैनर तले पहली फीमेल स्पाई एक्शन फिल्म अल्फा बना रहा है। इसमें आलिया भट्ट और शरवरी वाघ लीड रोल में नजर आएंगी। हाल ही में आलिया इस फिल्म की शूटिंग करती हुई नजर आईं, जबकि शरवरी ने आज 30 जुलाई को फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इसकी जानकारी एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर दी। शरवरी ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की, जिसमें वह फिल्म के क्लैपबोर्ड और निर्देशक शिव रवैल के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। फोटो को शेयर करते हुए शरवरी ने कैप्शन में लिखा, इससे बड़ा कुछ और नहीं हो सकता है। आज से अपनी अल्फा जर्नी को शुरू कर बेहद एक्साइटेड हूं। मेरा विश्वास करें, इस पल को लेकर काफी एक्टसाइट हूं। एक्ट्रेस ने फिल्म पर काम शुरू करने को लेकर अपनी एक्साइटमेंट को साझा किया। इससे पहले स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनने को लेकर शरवरी ने कहा था, इस बड़े स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। ईमानदारी से कहूं तो मैं ज्यादा दबाव महसूस नहीं कर रही हूं। मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने के प्रोसेस के हर पल का आनंद उठा रही हूं। उन्होंने कहा, मेरे अंदर अभी भरपूर एनर्जी है। इस अवसर को पाने के लिए और देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने को लेकर बेहद उत्सुक हूं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छी तरह से निभाने के इंतजार में रहती हैं। शरवरी ने कहा, अगर मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण और कैटरीना कैफ को अपना आइडियल मानती हूं। हाल ही में आलिया भट्ट की अल्फा के सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई थीं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के बैनर तले सलमान खान-कैटरीना कैफ की एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है और टाइगर 3, ऋतिक रोशन-टाइगर श्रॉफ की वॉर, शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की पठान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बनी हैं।



# डेजी शाह ने बांधे सलमान की तारीफों के पुल

डेजी शाह, जिन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म जय हो और रेस 3 जैसी फिल्मों में काम किया है। डेजी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सलमान की जमकर तारीफ की साथ ही उन्होंने बताया कि सलमान खान की फिल्म के सेट पर कलाकारों और क्रू के लिए स्पेशल खाने का इंतजाम होता है। डेजी शाह ने सलमान खान की 2014 में रिलीज हुई फिल्म जय हो से बॉलीवुड में कदम रखा था। जय हो के बाद डेजी हेट स्टोरी 3 और रेस 3 जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डेजी ने सलमान के व्यवहार के बारे में बात करते हुए कहा सलमान काफी स्वीट हैं और बिल्कुल भी सख्त नहीं है। साथ ही डेजी ने कहा, सलमान मददगार हैं, जिनके साथ अगर कोई काम कर रहा है, तो वह जाकर उनसे हर चीज के बारे में बात कर सकता है। डेजी ने बताया कि जब वह अमेरिका में फंसी हुई थी, तब सलमान ने उनकी मदद की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डेजी ने आगे कहा, सलमान ने मेरी मदद करने के लिए अपने दोस्त को बुलाया और उनके दोस्त ने मुझे बुलाया। उस दौरान सलमान ने मुझे इस स्थिति से बाहर निकाला। अगर आप किसी समस्या के लिए उन्हें बुलाते हैं, तो यह तय है कि आप उस स्थिति से बाहर निकलेंगे ही।

# किल से धमाल मचाने के बाद आईएफएफएम में शिरकत करेंगे लक्ष्य



अभिनेता लक्ष्य ने फिल्म किल में अपनी दमदार अदाकारी दिखाकर लोगों के दिलों में खास जगह बना ली है। अपनी इस डेब्यू फिल्म से ही वह बॉलीवुड के एक्शन स्टार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इस बीच अभिनेता जल्द ही एक और उपलब्धि हासिल करने को तैयार हैं। दरअसल, लक्ष्य को 15 अगस्त से शुरू होने वाले प्रतिष्ठित कार्यक्रम इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) में आमंत्रित किया गया है। इस महोत्सव में उनका शामिल होना फिल्म इंडस्ट्री में उनके बढ़ते प्रभाव की ओर इशारा कर रहा है। पहली फिल्म के बाद से ही इस महोत्सव में आमंत्रित किया जाना लक्ष्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है मेलबर्न का भारतीय फिल्म महोत्सव भारतीय सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को सम्मानित करने के लिए प्रसिद्ध है। इस साल इस कार्यक्रम में लक्ष्य के अलावा तेलुगु सुपरस्टार राम चरण, संगीतकार एआर रहमान, निर्देशक करण जौहर, राजकुमार हिरानी, कबीर खान और इम्तियाज अली जैसी हस्तियां नजर आएंगी। लक्ष्य की किल की बात करें तो इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। इस फिल्म में उनके साथ राघव जुयाल, आशीष विद्यार्थी, हर्ष छाया, तान्या मानिकतला और अभिषेक चौहान ने भी अभिनय किया है। देश के साथ विदेश में भी इस फिल्म की काफी ज्यादा चर्चा रही है। यही वजह है कि जल्द ही यह फिल्म हॉलीवुड में भी बनने जा रही है।



# खुशनसीब हूं कि 10 साल से खतरों के खिलाड़ी होस्ट कर रहा हूं

**सिनेमा जगत में डायरेक्टर रोहित शेट्टी को जहां हिट मशीन के रूप में जाना जाता है, वहीं छोटे पर्दे पर वह स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के होस्ट के रूप में एक दशक लंबी सफल पारी खेल चुके हैं। अब जल्द ही इस शो का 14वां सीजन लेकर आ रहे रोहित शेट्टी से हमने स्टंट्स से लगाव, होस्टिंग के एक दशक और उनकी नई फिल्म सिंघम अगेन तक पर की खास बातचीत**

**आपके पिता एक्शन डायरेक्टर थे। बच्चे के तौर पर आपको उसमें क्या आकर्षण दिखा जिससे आप उसी दिशा में मुड़ गए?**

नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। रिस्क वाली बात हमारे घर में कभी नहीं आई। मेरे डैडी एक्शन डायरेक्टर थे। मम्मी भी एक्शन में थीं तो बचपन से मेरे मन में यही था कि मैं भी वही करूंगा। हमेशा ये लगा कि यही हमारा काम है, इसलिए मैंने भी डैडी वाला प्रफेशन ही अपनाया और किसी ने रोका भी नहीं, क्योंकि हमारे घर में इसके लेकर एक पॉजिटिविटी रही। मेरे पैरंट्स का ये था कि हमने ये किया, तुम भी यही करना चाहते हो तो करो।

**आपने फिल्मों में एक्शन को एक ऊंचाई दी पर अब एक्शन में हॉलिवुड का स्टाइल नकल करने की एक होड़ दिख रही है। आपकी इस पर क्या राय है?**

मुझे लगता है कि ये बदलाव जरूरी है। हर डायरेक्टर का एक अपना नजरिया होता है और अगर वे स्टंट को अपग्रेड करना चाहते हैं तो सही है। टीम हॉलिवुड से आती है या साउथ अफ्रीका से आती है। हमारी फिल्मों में भी आती है, क्योंकि एक्शन को नए लेवल पर ले जाना जरूरी है। अभी हमारे दर्शक बदल रहे हैं। उन्हें बहुत एक्सपोजर मिल रहा है तो एक कॉम्पिटिशन भी है ही, इसलिए यह अच्छी बात है कि एक्शन और बड़ा हो रहा है, बड़े लेवल पर हो रहा है, बाहर से टीम आ रही है।

**इधर, थिएटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम देखने को मिल रहा है। आपको नहीं लगता यह स्थिति चिंताजनक है?**

देखिए, एक फेज होता है जो आता है और चला जाता है। हम एक दौर से गुजर रहे हैं। इसमें बहुत सारी चीजें होती हैं। मार्केट जुड़ा होता है, लोगों का नजरिया होता है, उनकी चॉइसेज इन्वॉल्व होती हैं और ये चॉइसेस बदलती रहती हैं। कोई भी एक तरह की चीज हमेशा नहीं चलती है। वक्त के हिसाब से चीजें बदलती हैं। यह एक साइकिल की तरह होता है कि जो चीज गई, वो नई पैकेजिंग में वापस आती है। निश्चित तौर पर सिनेमा का लो फेज में चलना किसी को भी पसंद नहीं है लेकिन ये पहली बार नहीं आया है। पहले भी कई बार आया है, आगे भी आएगा और चला भी जाएगा।

**खतरों के खिलाड़ी को होस्ट करने हुए आपको 10 साल हो गए। इन दस सालों में आपको इस शो ने किसी तरह से बदला या कुछ सिखाया?**

मुझे इस दस सालों में प्यार बहुत मिला। मैं बहुत खुशनसीब हूं कि 10 साल से ये शो होस्ट कर रहा हूं। यह बहुत कमाल का सफर रहा। जब शुरू किया था तब बिल्कुल नहीं सोचा था कि मैं 10 साल तक ये शो होस्ट करूंगा या ऑडियंस मुझे करने देगी। मुझे खुशी है कि उन्हें शो पसंद आ रहा है, मैं पसंद आ रहा हूं तो हमारी कोशिश यही रहती है कि जितना प्यार वे देते हैं, उससे ज्यादा हम मेहनत करें। जैसे, इस बार हमने 90 पर्सेंट स्टंट नए रखे हैं। हम चाहते थे कि दर्शकों को नयापन मिले। साथ ही एंटरटेनमेंट भी खूब है। रही सीखने की बात तो इंसान समय के साथ सीखता ही रहता है। जब आप टेलीविजन करते हैं तो आप में धैर्य बहुत ज्यादा आ जाता है।

**बॉलिवुड में जहां दोस्ती टिकती नहीं, वहां आपकी और अजय देवगन की 33 साल पुरानी दोस्ती मिसाल है। इस अटूट रिश्ते का क्या राज है?**

हमारे बीच दोस्ती से ज्यादा बड़े भाई-छोटे भाई वाला रिश्ता है। वो मेरे बड़े भाई की तरह है, बल्कि बड़े भाई ही हैं। आज मैं जो कुछ भी हूं, उसमें उनका बहुत बड़ा सहयोग है। मेरी पहली फिल्म से सिंघम या सिंघम अगेन तक, जो बन रही है, मेरे करियर में उनका बहुत बड़ा हाथ रहा है। वे हमेशा मुझे अपने छोटे भाई की तरह मानते हैं, मैं उन्हें बड़े भाई की तरह मानता हूं और ये रिश्ता अब 33 साल बाद कहां बदलने वाला है।